आई.टी.आई. का निर्माण कार्य आरंभ करना

*12 श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा):

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि समालखा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव चुलकाना में आई.टी.आई. का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

उत्तर श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री हरियाणा

श्रीमान जी,

ग्राम पंचायत चुलकाना द्वारा प्रस्तावित 40 कनाल 13 मरले भूमि की स्वीकृति आई.टी.आई. का भवन बनवाने के लिए सरकार द्वारा जारी की जा चुकी है। इस आई.टी.आई. के भवन बनवाने का खर्चा अनुमानितः 15.09 करोड रूपये है जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है तथा इस भवन का निर्माण कार्य जून 2024 तक आरम्भ कर दिया जाएगा।